आईपीएल में पंत सबसे महंगे, पर पूरी रकम नहीं मिलेगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सऊदी अरब के जेद्दाह में 2 दिन चले आईपीएल के मेगा ऑक्शन में 10 फ्रेंचाइजी ने 639.15 करोड़ खर्च किए। ऑक्शन में 182 खिलाड़ी बिके, इसमें 62 विदेशी खिलाड़ी हैं। ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा। जब खिलाड़ियों की नीलामी होती है, तो उनकी नीलामी राशि से टीडीएस के रूप में कटौती की जाती है। यहां हम बता रहे हैं कि आईपीएल में जिन खिलाड़ियों की नीलामी हुई है, उन्हें ऑक्शन मनी के मुकाबले कितना पैसा मिलेगा। सरकार के खजाने में कुल कितना पैसा जाएगा? भारत सरकार भारतीय खिलाड़ियों की सैलरी पर 10 प्रतिशत टैक्स लगाती है। यह टैक्स आईपीएल फ्रेंचाइजी खिलाड़ी को पेमेंट करने से पहले टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स (टीडीएस) के रूप में काटती है। वहीं विदेशी खिलाड़ियों की सैलरी पर 20 प्रतिशत टैक्स काटा जाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी भारतीय खिलाड़ी की सैलरी 10 करोड़ रुपए है, तो फ्रेंचाइज़ी खिलाड़ी को पेमेंट करने से पहले टैक्स के रूप में 1 करोड़ रुपए काट लेगी। वहीं अगर विदेशी खिलाड़ी की सैलरी 10 करोड़ रुपए है, तो फ्रेंचाइजी 2 करोड़ रुपए टैक्स काट लेती है।

रेसलर बजरंग पूनिया चार साल के लिए सस्पेंड

नेशनल टीम के सिलेक्शन ट्रायल में डोप टेस्ट सैंपल देने से इनकार किया था, नाडा का एक्शन

नई दिल्ली (एजेंसी)। नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी ने पहलवान बजरंग पूनिया को चार साल के लिए सस्पेंड कर दिया है। पूनिया ने 10 मार्च को राष्ट्रीय टीम के सिलेक्शन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए सैंपल देने से इनकार कर दिया था, जिसके चलते उन पर कार्रवाई हुई। टोक्यो ओलिंपिक में सिल्वर मेडल जीतने वाले पूनिया को इससे पहले 23 अप्रैल को अस्थायी रूप से सस्पेंड किया गया था। इसके बाद विश्व कुश्ती संगठन ने भी उनके खिलाफ कार्रवाई की थी। पूनिया ने इस सस्पेंशन के खिलाफ अपील की थी, जिसके बाद इसे 31 मई तक रद्द कर दिया गया था। इसके बाद नाडा ने 23 जून को पूनिया को नोटिस जारी किया था। पूनिया ने 11 जुलाई को इस फैसले को चुनौती दी थी, जिसके बाद 20 सितंबर और 4 अक्टूबर को सुनवाई हुई। अब अपने आदेश में नाडा के

डोपिंग पैनल ने उनके चार साल के निलंबन को जारी रखा है।

बृजभूषण पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे : पहलवानों ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला रेसलर्स के यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इसको लेकर बजरंग, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक की अगुआई में 18 जनवरी 2023 से आंदोलन हुआ। पहलवानों ने पहले जंतर-मंतर पर धरना दिया। इसके बाद उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 23 अप्रैल 2023 को आदेश दिया और दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण पर केस दर्ज किया। इस मामले की कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

पूनिया को पिछले साल चीन के हांगझोउ एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में हार मिली थी। इतना ही नहीं, ब्रॉन्ज मेडल मैच में भी पूनिया को जापानी पहलवान यामागुची ने 10-0 से हरा दिया था। उनकी हार के बाद सोशल मीडिया पर कई लोग भड़क उठे थे, क्योंकि एशियन गेम्स में भाग लेने से पहले उन्होंने किसी मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया था। ट्रायल्स दिए बिना बजरंग को एशियन गेम्स के लिए भारतीय दल में शामिल करने की भी आलोचना हुई थी।

खेल संक्षिप्त

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : उर्विल टी-20 में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय

28 गेंदों में लगाई सेंचुरी, आईपीएल ऑक्शन में अनसोल्ड रहे

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात टीम के ओपनर और विकेटकीपर उर्विल पटेल टी-20 फॉर्मेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में त्रिपुरा के खिलाफ मात्र 28 गेंदों में सेंचुरी लगाई। मैच इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला गया। उर्विल से पहले यह रिकॉर्ड ऋषभ पंत के नाम था, जिन्होंने 2018 में इसी टूर्नामेंट में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 32 गेंदों पर शतक लगाया था। उर्विल ने 35 गेंदों पर नाबाद 113 रन बनाए। इसमें 12 छक्के और 7 चौके लगाए। उर्विल टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले एस्टोनिया देश के साहिल चौहान ने साइप्रस के खिलाफ 27 गेंदों पर शतक लगाया था। तीसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के क्रिस गेल हैं। उन्होंने आईपीएल-2013 के सीजन में पुणे वारियर्स के खिलाफ आरसीबी के लिए खेलते हुए 30 बॉल में शतक लगाया था।

बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में फिर नंबर-1 बैटिंग में जायसवाल दूसरे नंबर पर पहुंचे

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में एक बार फिर टॉप पर पहुंच गए हैं। आईसीसी ने बुधवार को नई रैंकिंग जारी की। बुमराह ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट झटके थे। बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था। बुमराह ने साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा को पीछे छोड़ा और एक कैलेंडर ईयर में दूसरी बार टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के शुरू होने से पहले बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में रबाडा और जोश हेजलवुड के बाद तीसरे स्थान पर थे। श्रीलंका के खिलाफ साउथ अफ्रीका की तेज गेंदबाजी की अगुआई कर रहे रबाडा टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड तीसरे स्थान पर हैं। भारत को ऑस्ट्रेलिया पर मिली 295 रनों की जीत में अहम योगदान देने वाले यशस्वी जायसवाल ने भी रैंकिंग में छलांग लगाई है। यशस्वी बैटिंग रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उनसे आगे फिलहाल इंग्लैंड के जो रूट हैं। यशस्वी की रेटिंग अंक 825 है जो उनके करियर की बेस्ट रेटिंग है। यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 161 रनों की पारी खेली थी।

पर्थ टेस्ट में नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले स्टार बैटर विराट कोहली को भी नौ स्थान का फायदा हुआ है और वह 13वें स्थान पर आ गए हैं। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में नाबाद 100 रन बनाए थे।

डिफेंडिंग चैंपियन लिरेन ने पहले गेम में हराया था, चाइनीज प्लेयर के पास बढ़त कायम

वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप : गुकेश ने दूसरा गेम ड्रॉ खेला

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन डिंग लिरेन के बीच वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का दूसरा गेम ड्रॉ रहा। लिरेन ने 25 नवंबर को पहले गेम में गुकेश को हरा दिया था। 14 गेम तक चलने वाले मुकाबले में लिरेन का स्कोर 1.5 और गुकेश का 0.5 है। फिडे वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप 2024 सिंगापुर में जारी है। इमसें 14 गेम खेले जाएंगे। यह 12 दिसंबर तक चलेगा। जरूरत पड़ने पर ट्राईब्रेकर मुकाबला खेला जाएगा, जो 13 दिसंबर को होगा। वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के इतिहास में पहली बार ऐसा है कि दो एशियाई खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं।

फाइनल मुकाबले में 14 राउंड होंगे फाइनल में 14 राउंड होंगे, जरूरत पड़ने पर टाईब्रेकर भी होगा। गुकेश और डिंग को एक गेम जीतने पर 1 पॉइंट और एक ड्रॉ पर 0.5 पॉइंट मिलेगा। चैंपियनशिप जीतने के लिए 7.5 पॉइंट की जरूरत है। अगर स्कोर 14 राउंड बाद टाई रहता है, तो फास्टर टाइम कंट्रोल के साथ टाईब्रेकर्स के जरिए विजेता घोषित किया जाएगा। गुकेश पर नजरें, जीते तो वर्ल्ड चैंपियन बनेंगे इस मुकाबले में सभी की नजरें युवा डी गुकेश पर होंगी, यदि वे वर्ल्ड चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को मात देने में कामयाब हो जाते हैं, तो वर्ल्ड चैंपियन बन जाएंगे। वे ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय बनेंगे। विश्वनाथन आनंद 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन बन चुके हैं। गुकेश ने अप्रैल में टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीता था। वे ऐसा करने वाले सबसे युवा (17 साल) खिलाड़ी बने थे। गुकेश से पहले रूसी खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने 1984 में सबसे कम उम्र 22 साल में यह टूर्नामेंट जीता था।

चैंपियंस ट्रॉफी पाक में होगी या नहीं, फैसला 29 को

नई दिल्ली (एजेंसी)। अगले साल फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होगी या नहीं, इसका फैसला 29 नवंबर को होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी ने दुबई में बोर्ड मीटिंग बुलाई है। पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिलने के बाद भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर वहां जाने से मना कर दिया था। तब यह माना जा रहा था कि एशिया कप की तरह चैंपियंस ट्रॉफी भी हाइब्रिड मॉडल पर होगी। पीसीबी ने पहले भारत के सभी मैच लाहौर में कराने और मैच के बाद खिलाड़ियों को भारत भेजने का प्रस्ताव रखा था। भारत ने इसे नहीं माना तो (पीसीबी) ने हाइब्रिड मॉडल के लिए भी मना कर दिया। आईसीसी मीटिंग में हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव रख सकता है, अगर पीसीबी ने इसे नहीं माना तो उससे मेजबानी छिन सकती है। भारत पर पाकिस्तान जाकर खेलने का दबाव बनाने के चांस कम ही हैं।

का रो बा र

अमेजन एमएक्स प्लेयर ने रोमांटिक ड्रामा 'हार्टबीट्स' का ट्रेलर किया रिलीज

मुंबई (एजेंसी)। इंतजार आखिरकार खत्म हुआ क्योंकि अमेजन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेजन एमएक्स प्लेयर ने बुधवार को अपनी रोमांटिक ड्रामा सीरीज हार्टबीट्स का एक दिल छू लेने वाला ट्रेलर रिलीज किया है। दिल्ली के गायत्री देवी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो युवा मेडिकल इंटर्न के जीवन के बारे में है जो उच्च-दांव वाली आपात स्थितियों, महत्वाकांक्षाओं और आधुनिक रिश्तों की मुश्किलों से जूझते हैं। रस्क मीडिया द्वारा बनाई गई इस सीरीज में हर्ष बेनीवाल, शिवांगी जोशी, निशांत मलकानी, युवराज दुआ जैसे बेहतरीन कलाकार शामिल हैं और यह सीरीज 29 नवंबर से अमेजन

एमएक्स प्लेयर पर मुफ्त में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह ट्रेलर अक्षत के जीवन की एक झलक पेश करता है, जो एक छोटे शहर का लड़का है और बड़े अरमानों से प्रेरित है, जो एक ऐसी दुनिया में कदम रखता है जो उसके मूल से बहुत अलग है। उसके साथ सांझ भी है, जो एक जिद्दी और दृढ़ साथी है जो हर कदम पर उसे चुनौती देती है और साथ ही उसकी सबसे करीबी सहयोगी भी बन जाती है। डॉ. आनंद फाउंडेशन स्कॉलरशिप को जीतने की उम्मीद में, इस यात्रा में दोस्ती की परख, टूटे दिल, और उन प्रेम कहानियों से भरी हुई है जो जीवन बचाने की चुनौतियों के बीच लिखी जाती हैं। अक्षत पर बढ़ते हुए कर्ज और अपनी ही पसंदों का दबाव है, और दर्शक यह सोचने को मजबूर होते हैं-क्या वह इससे ऊपर उठ पाएगा, या उसके अरमान और प्रेम असफल हो जाएंगे?

अमेजन एमएक्स प्लेयर के हेड ऑफ कंटेंट अमोघ दुसाद ने कहा, हार्टबीट्स एक नए युग का ड्रामा है, जिसका उद्देश्य युवा दर्शकों की भावनाओं और महत्वाकांक्षाओं को जगाना है। कहानी को एक मेडिकल ड्रामा के रूप में पेश किया गया है, जिसमें उभरते डॉक्टरों की चुनौतियों, अद्वितीय रिश्तों और परिवर्तनकारी यात्राओं को भी दिखाया गया है।

सरकार ने एक मॉडल के रूप में अमेजन की प्रतिधि छात्रवृत्ति को दी मान्यता

बेंगलुरु (एजेंसी)। अमेजन इंडिया ने बुधवार को अपने तीसरे वार्षिक प्रतिधि छात्रवृत्ति कार्यक्रम के लिए छात्रों को सम्मानित करने की घोषणा की। यह कंपनी के डिलीवरी सहयोगियों के बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल है। इस साल के कार्यक्रम के तहत लगभग 1200 छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें वित्तीय मुश्किलों को दूर कर अपनी शैक्षणिक आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। प्रतिधि छात्रवृत्ति ट्यूशन फीस, स्कूल की आपूर्ति और अन्य शैक्षिक खर्चों को कवर करने के लिए 6000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, विकलांग छात्रों को चिकित्सकीय खर्चों, स्कूल की आपूर्ति और पुस्तकों का समर्थन करने के लिए 10,000 रुपए की छात्रवृत्ति मिलती है। अमेजन ने योग्य उम्मीदवारों की पहचान करने के लिए कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया आयोजित करने के संबंध में बड़ी4स्टडी इंडिया फाउंडेशन के साथ भागीदारी की है। वित्तीय आवश्यकता और नेतृत्व क्षमता के आधार पर प्रदान की जाती है।

आईआईएचएमआर स्टार्ट-अप्स ने सरकार के साथ साझेदारी की

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। आईआईएचएमआर फाउंडेशन की जयपुर स्थित एक प्रमुख इकाई आईआईएचएमआर स्टार्ट-अप्स ने राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते की घोषणा की है। इस साझेदारी के माध्यम से, आईआईएचएमआर स्टार्ट-अप्स ने राज्य में एक बेहतर ईको सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए प्रारंभिक चरण के स्टार्ट-अप और छात्र-नेतृत्व वाले स्टार्ट-अप को आगे बढ़ाने की तैयारी की है। राइजिंग राजस्थान इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी और स्टार्ट-अप प्री-समिट में आईआईएचएमआर स्टार्ट-अप्स ने एक प्रमुख भागीदार के रूप में जगह बनाई है। इस दौरान आईआईएचएमआर स्टार्ट-अप्स ने रणनीतिक पहलों, अत्याधुनिक कार्यक्रमों और सफलता की कहानियों के माध्यम से राजस्थान के उद्यमशीलता संबंधी परिदृश्य में व्यापक बदलाव लाने के लिए अपने प्रयासों की जानकारी दी।

भारत के संदर्भ में चुनौतियाँ और सख्त कदम उठाने की जरूरत : अक्षत खेतान

जयपुर। अखिल भारतीय स्तर पर कानूनी सलाह उपलब्ध कराने वाली अग्रणी संस्था, एयू कॉर्पोरेट एडवाइजरी एंड लीगल सर्विसेज ने भारत में साइबर-बुलीइंग के खतरे का सामना कर रहे हर व्यक्ति की अनमोल जिंदगी बचाने और उसकी हिफाजत करने के लिए, साइबर-बुलीइंग, साइबर अपराध एवं साइबर उत्पीड़न के क्षेत्र में नई राह दिखाने वाली पहल की शुरुआत की है। टेक्नोलॉजी में हो रही प्रगति के साथ लोगों के बीच आपसी संपर्क, बातचीत करने और जानकारी साझा करने के तरीके में बड़े पैमाने पर बदलाव आया है। हालांकि, टेक्नोलॉजी में इस जबरदस्त प्रगति ने साइबर-बुलीइंग, साइबर अपराध और साइबर उत्पीड़न जैसी नई चुनौतियों के लिए भी दरवाजे खोल दिए हैं, जो भारत के साथ-साथ दुनिया भर में एक बड़ी सामाजिक चुनौती के तौर पर उभरकर सामने आ रहे हैं। भारत जैसे देश में ये समस्याएं विशेष रूप से गंभीर हैं, जहाँ इंटरनेट के उपयोग में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। परंतु सामने आने वाले ऑनलाइन खतरों की तुलना में इसे नियमों के दायरे में लाने वाली व्यवस्था और जागरूकता काफी पीछे है।

जीआईएसई 2024 और पीसीआर लंदन वॉल्व्स में किया 'मायवॉल ऑक्टाप्रो टीएचवी' का प्रदर्शन

लंदन वॉल्व्स 2024 में भारत का शानदार प्रदर्शन

नई दिल्ली (एजेंसी)। कार्डियोवैस्कुलर एवं स्ट्रक्चरल हार्ट सोल्युशन्स में विशेषज्ञता रखने वाली अग्रणी ग्लोबल मेड-टेक कंपनी मेरिल लाईफ साइसेंज़ ने पीसीआर लंदन वॉल्व्स 2024 और जीआईएसई 2024 में मायवॉल ऑक्टाप्रो ट्रांसकैथेटर हार्ट वॉल्व (टीएचवी) के लॉन्च के साथ उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विज्ञान जगत के इन प्रतिष्ठित आयोजनों ने मेरिल को आधुनिक हार्ट केयर (दिल की देखभाल) के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान किया।

मायवॉल टीएचवी सीरीज़, जिसे ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेन्ट (टीएवीआर) प्रक्रियाओं में आधुनिक योगदान के लिए जाना जाता है, ने मायवॉल ऑक्टाप्रो टीएचवी के साथ नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं। इस नई पेशकश के साथ लो फ्रेम फोरशॉर्टनिंग की शुरूआत हुई है, जो ऑपरेटर को बेहतर नियन्त्रण देता है और सटीक डिप्लॉयमेन्ट के साथ प्रक्रिया में पूर्वानुमान को बेहतर बनाता है। इसके अलावा साइज मैट्रिक्स की बात करें तो इसमें कन्वेंशनल, इंटरमीडिएट और एक्स्ट्रा-लार्ज वॉल्व साइज़ शामिल हैं, ताकि मरीज के शरीर की संरचना के अनुसार सही साइज का वॉल्व चुना जा सके।

डॉ रविन्द्र राव, चेयरमैन, आरएचएल हार्ट केयर चीफ इंटरवेंशनल कार्डियोलोजिस्ट हैड कॉम्पलेक्स एंजियोप्लास्टी एवं टीएवीआर प्रोग्राम, राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर ने कहा कि, 'मायवॉल ऑक्टाप्रो टीएचवी के साथ इस एक और इनोवेशन के लिए मेरिल लाईफ साइन्सेज को बधाई। यह आधुनिक टेक्नोलॉजी और इसके आधुनिक फीचर्स एवं चिकित्सकीय परिणाम टीएवीआर प्रक्रिया को नया आयाम देंगे। मरीजों के परिणामों में सुधार लाने की मेरिल की प्रतिबद्धता सराहनीय और प्रेरणादायी है। इस उपलब्धि पर बात करते हुए संजीव भट, सीनियर वाईस प्रेजीडेन्ट, कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी, मेरिल लाईफ साइंसेज ने कहा, 'इस विश्वस्तरीय मंच पर मायवॉल ऑक्टाप्रो टीएचवी को इतनी अच्छी प्रतिक्रिया मिलना, एओर्टिक स्टेनोसिस के लिए आधुनिक समाधान उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

'उदयपुर टेल्स' भारत की स्टोरी कैपिटल रूप में बदलने के लिए तैयार

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

राजस्थान को वैश्विक सांस्कृतिक मानचित्र पर लाने के वादे के साथ, वार्षिक उदयपुर टेल्स इंटरनेशनल स्टोरीटेलिंग फेस्टिवल वापसी के लिए तैयार है। देश के निवासियों को भी इसका बेसब्री से इंतजार है। यह 10 से 12 जनवरी, 2025 तक उदयपुर में होने वाला यह फेस्टिवल सिर्फ किस्सागोई का उत्सव ही नहीं है, बल्कि यह एक शक्तिशाली सांस्कृतिक आंदोलन है जो उदयपुर को भारत की कहानियों की राजधानी के रूप में स्थापित कर रहा है। जयपुर में बुधवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, फेस्टिवल के संस्थापकों सुष्मिता सिंघा ने इस आयोजन के बढ़ते महत्व के बारे में बात की। सिंघा ने कहा कि उदयपुर टेल्स केवल इन तीन दिनों के दौरान कहानियां सुनाने के बारे में ही नहीं है बल्कि यह राजस्थान द्वारा भारत की कहानी कहने की परंपराओं के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका को पुन: प्राप्त करने के बारे में है। यह उत्सव दुनिया को मौखिक कहानियों के जादू से जोड़ने की हमारी

शैली है, जिसके केंद्र में उदयपुर है।

किस्से-कहानियों का ग्लोबल उत्सव : किस्सागोई यानि मुंहजुबानी कहानी कहने की सदियों पुरानी कला पर ध्यान केंद्रित करते हुए, उदयपुर टेल्स खूबसूरत और दमदार आवाज़ों का एक असाधारण मिश्रण लेकर आया है। इसमें प्रसिद्ध भारतीय नामों में देवदत्त पटनायक, फौज़िया दास्तानगो, अजय कुमार, अहमद फ़राज़, देबजानी, श्वेता नाडकर्णी, शिल्पा मेहता, शोना मल्होत्रा, आदित्य कोठाकोटा, शिल्पा विक्की आहूजा और कुतुबी ब्रदर्स, समीर राहत जैसी मशहूर हस्तियां शामिल हैं। इसके साथ ही दक्षिण अफ़्रीका, रूस, स्पेन, श्रीलंका, सिंगापुर, लैटिन अमरीका एवं फ्रांस से भी नामी कहानीकार आ रहे हैं।